हैरियट बीचर स्टोव और "अंकल टॉम्स केबिन" की कहानी

जोहाना जॉनसन

चित्र: रोनाल्ड हिमलर

हैरियट के पिता ने कहा, "काश वो एक लड़का होता," और छोटी लड़की ने, अपने पिता की बात समझी. 19 वीं शताब्दी में, केवल लड़के ही डॉक्टर, वकील या कॉलेज के प्रोफेसर हो सकते थे. पर हेरिएट ने सपना देखा और कहानियां लिखीं, और उसने खुद अंदर से मुक्त होने की कोशिश की. गृहयुद्ध से पहले के समय में, हेरिएट ने नीग्रो दासता की भयावहता को महसूस किया था; उसने एक भगोड़े दास को भागने में मदद भी की थी. लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण वो उपन्यास था जो उसने गुलामी के बारे में लिखा था. "अंकल टॉम्स केबिन". इस किताब ने उन्हें मशहूर बना दिया. राष्ट्रपति लिंकन ने यहां तक कहा कि उस उपन्यास से गृहयुद्ध शुरू करने में, मदद मिली थी. क्योंकि उस उपन्यास में हैरियट ने बताया कि एक गुलाम होना कैसा लगता था, और इसलिए उसने पूरे अमेरिका में लोगों को गुलामी के बारे में समझाया और उसके निवारण के लिए प्रेरित किया.

यह कहानी है कि हेरिएट बीचर स्टोव कैसे बड़ी हुईं और कैसे उन्होंने अपना प्रसिद्ध उपन्यास लिखा. यह कहानी बताती है कि कैसे एक रचनात्मक कलाकार ने स्वतंत्रता के लिए अपनी आंतरिक यात्रा की.

हैरियट बीचर स्टोव और "अंकल टॉम्स केबिन" की कहानी

जोहाना जॉनसन

चित्र: रोनाल्ड हिमलर

1

बार-बार वो भाग जाती थी. "हैटी," वो चिल्लाए. "हैटी!" और फिर, "हेरिएट!" लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया, हालाँकि वो अभी दूर नहीं गई थी.

कभी-कभी वो उसी कमरे में ही होती थी. लेकिन उसकी नीली-ग्रे आँखें, आधी बंद होती थीं. फिर वो अपने आस-पास कुछ भी, देख या सुन नहीं रही होती थी. वो अपने सपनों की दुनिया में खो जाती थी.

उसके भाई-बहन अपने कंधे उचकाकर हंस पड़े.

"ओह, कोई बात नहीं," उन्होंने कहा. "हैटी फिर से खो गई है. जब वो तैयार होगी तब वो आएगी."

और, ज़ाहिर है, वो हमेशा वापिस आती थी और अपने छोटे भाई हेनरी वार्ड को, बंदर के चेहरे बनाकर हंसाती थी - अपनी बहनों, कैथरीन और मैरी की मदद करने के लिए बगीचे में भागती थी, और सेम तोड़ती थी. जो कुछ भी चल रहा होता था वो उसमें हैटी शामिल होती थी.

बीचर परिवार में आठ बच्चों के साथ और लाइमन बीचर जैसे पिता के साथ, आमतौर पर घर में हमेशा कुछ-न-कुछ रोचक चल रहा होता था.

"ठीक है," लाइमन बीचर ने कहा. "सब लोग महान लकड़ी काटने और लकड़ियां सजाने की प्रतियोगिता के लिए तैयार रहें!" हैटी एक पल में वहाँ मौजूद थी, उसके भूरे रंग के बाल उड़ रहे थे. उसके बड़े भाई, विलियम, एडवर्ड और जॉर्ज ने कुल्हाड़ियों को घुमाया और लट्ठों को काटा. तब हैटी कटी लकड़ियों का एक लोड शेड में, ढेर लगाने के लिए ले गई, और दूसरे लोड के लिए दुबारा वापस भागकर आई.

"हैटी को देखो!" लाइमन बीचर ने लड़कों से कहा. "वो तुम में दोनों से भी ज्यादा काम कर रही है!" काम खत्म होने तक हैटी लकड़ी के एक लोड के साथ और भी तेज दौड़ी.

"बहुत अच्छा!" लाइमैन बीचर ने कहा.

"अब सभी लोग तालाब में मछली पकड़ने जाकर जश्न मना सकते हैं."

रात के खाने के समय, लाइमन बीचर, पारिवारिक चर्चाएं और बहस शुरू करके अपने बच्चों की बुद्धि तेज करते थे.

"मुझे बताओ," उन्होंने एक रात कहा. उन्होंने अपने चश्मे को अपने माथे पर धकेला और फिर मेज के चारों ओर देखा.

"मानव जाति का सबसे उपयोगी आविष्कार क्या है?"

विलियम, सबसे बड़ा लड़का, पलक झपकते ही बोला. "सर, आमतौर पर लोग उसे *पहिया* कहते हैं."

दूसरे लड़के एडवर्ड ने कहा, "चलने वाले *प्रिंटिंग प्रेस* का टाइप? उसके आविष्कार के बाद, किताबें सस्ते में छप पाईं और फिर हर कोई बाइबल पढ़ पाया."

जॉर्ज, जो चुटकुले और संगीत पसंद करता था, ने अपना मत दिया.

"उस आदमी का क्या जिसने पहला "हार्प" वाद्ययंत्र बजाया था? "हार्प" के बिना किंग डेविड अपने भजन कैसे गाते?”

लाइमन बीचर हँसे. "आप सभी के पास अपने-अपने विचार हैं. अब आइए आपके तर्क भी सुनें."

लेकिन हैटी अपना हाथ लगातार लहरा रही थी.

"कृपया, पापा," उसने उत्सुकता से कहा, "मेरी राय में *लीवर* सबसे अच्छा अविष्कार है?"

"आह!" उसके पिता चिल्लाए "चलो और आगे कहो, हैटी."

उसकी आँखें चमक उठीं, हैटी दौड़ पड़ी.

"जब मनुष्य ने लीवर का आविष्कार किया, तो वो उन चीजों को स्थानांतरित करने में सक्षम हुआ जिन्हें वो पहले कभी हिला तक नहीं सकता था. लीवर के साथ, थोड़ा प्रयास करके वो एक पहाड़ तक को हिला सकता था."

"उत्कृष्ट, हैटी, क्या बात है," उसके पिता ने कहा.

फिर उन्होंने मेज के चारों ओर देखा और सिर हिलाया.

"काश वो एक लड़का होती."

जब उसके पिता ने ऐसा कहा तो हैटी को कुछ चोट पहुंची.

पर पिता का क्या मतलब था, वो हैटी समझती थी.

लाइमन बीचर एक चर्च के पादरी थे.

रविवार को, लाइमन बीचर कनेक्टिकट के लिचफील्ड में, व्हाइट मीटिंग हाउस में खड़े होकर, इतने अद्भुत और प्रेरक उपदेश देते थे, कि वो पूरे न्यू इंग्लैंड में प्रसिद्ध थे.

उन्हें यकीन था कि आत्माओं को बचाने में मदद करने वाले पादरी दुनिया में सबसे महत्वपूर्ण काम करते थे.

वो चाहते थे कि उनके सभी बेटे पादरी बनें, लेकिन निश्चित रूप से वो अपनी बेटी के लिए ऐसा सपना नहीं देख सकते थे.

केवल लड़के ही बड़े होकर पादरी या डॉक्टर या वकील या वैसा कुछ बन सकते थे. एक लड़की बड़ी होकर पत्नी और मां ही बन सकती थी.

हैटी को वो पता था. सभी लड़कियां वही करती थीं.

इसलिए, वो यह समझ गई कि उसके पिता का मतलब उसकी प्रशंसा करना था, जब वो कहते थे, "काश वो एक लड़का होती."

हैटी लगातार अपने भाइयों की तरह ही तेज और चतुर बनने की कोशिश करती रही.

और वो कभी-कभी आधी-अधूरी आंखें मूंदकर इधर-उधर भागती भी रहती थी. पर किसी को उसकी चिंता नहीं थी. वो हैटी का अपना तरीका था.

2

अपनी बड़ी बहन मैरी के साथ, हैटी, मिस पियर्स की अकादमी में पढ़ने जाती थी, जो बीचर हाउस से सड़क के ठीक नीचे थी.

वो अपनी उम्र के हिसाब से छोटी थी, और घर के बाहर शर्माती थी, इसलिए जब वो एक कक्षा से दूसरी कक्षा में जाती, लैटिन और फ्रेंच और भूगोल, कला और संगीत और अंग्रेजी रचना का अध्ययन करती, तो कोई भी उस पर ध्यान नहीं देता था.

कभी-कभी उसकी ड्राइंग टीचर, उसके फूलों या फलों के चित्रों की प्रशंसा करती थीं.

उसके अंग्रेजी शिक्षक मिस्टर ब्रेस, उसे निबंधों के लिए अच्छे नंबर देते थे.

दिन का सबसे अच्छा समय हैटी के लिए तब आता, जब वो फिर से घर वापिस लौटती थी, और एक किताब लेकर अटारी में एक छोटी सी खिड़की के पास बैठकर उसे पढ़ती थी.

अटारी में रखे सेब, प्याज और जड़ी-बूटियों की उसे भीनी और सुखद गंध आती थी.

और अपने पिता की किताबों में, हैटी को कुछ ऐसी किताबें मिलीं जो एकदम जादुई थीं.

अपने कोने में दुबकी हुई, उसने सर वाल्टर स्कॉट के उपन्यास "इवन्होए" के साथ "अरेबियन नाइट्स", "पिलग्रिम्स प्रोग्रेस", या फिर सिंदबाद के कारनामों के बारे में पढ़ा.

"हैटी!" नीचे से हमेशा बहुत जल्द ही बुलावा आता था.

नीचे काम करना होता था - खाना बनाना, पकाना, मथना, धोना, इस्त्री करना, सिलाई करना - और हैटी को उस काम में मदद करनी होती थी.

कुछ उबाऊ काम करते-करते वो सपने देखती रहती थी, और कभी-कभी उसकी सौतेली माँ उस पर चिल्लाती भी थीं.

"हैटी! ध्यान दो! तुम उस तरह से बटनहोल (काज़) बनाना कभी नहीं सीखोगी."

कभी-कभी हैटी को लगता था कि वो कुछ भी ठीक नहीं कर पाती थी.

फिर, जून में एक उज्ज्वल दिन, मिस पियर्स अकादमी ने स्नातक अभ्यास आयोजित किया.

देखने के लिए मंच पर शहर के सबसे महत्वपूर्ण लोग आए.

लाइमन बीचर, निश्चित रूप से वहां थे.

एक-एक करके, शिक्षक अपने विद्यार्थियों की पुरुस्कृत रचनाओं को ज़ोर से पढ़ रहे थे.

अचानक, हैटी के शिक्षक, मिस्टर ब्रेस ने वो शब्द पढ़े जिन्हें हैटी अच्छी तरह से जानती थी. वो उसने ही लिखे थे.

फिर हैटी को समझ में नहीं आया कि वो किस ओर देखे.

जब मिस्टर ब्रेस का वाचन समाप्त हुआ, तो बहुत ताली बजीं.

हैटी ने देखा कि उसके पिता सबसे ज्यादा जोर से ताली बजा रहे थे.

उसने उन्हें और मिस्टर ब्रेस को फुसफुसाते हुए देखा.

फिर मिस्टर ब्रेस ने हैटी की ओर इशारा किया.

अभ्यास के बाद, उसके पिता ने हैटी को चूमा और अपने सभी दोस्तों से गर्व से बात की.

"जरा सोचो, वो केवल तेरह साल की है." उसके पिता ने सिर हिलाया. "उसे एक लड़का होना चाहिए था."

इस बार हैटी को कोई फर्क नहीं पड़ा. लड़की होने पर भी वो कुछ अच्छा कर सकती थी. वो कुछ लिख सकती थी और लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकती थी.

वो एक खुश गर्मी की शुरुआत थी.

हैटी, अपने भाई हेनरी वार्ड के साथ घास के मैदानों में घूमती थी.

वो पारिवारिक पिकनिक और मछली पकड़ने के अभियानों पर जाती थी.

कभी-कभी वह छोटी कहानियाँ या कविताएँ भी लिखती थी.

वो बटनहोल (काज़) बनाने में भी, थोड़ी बेहतर हो गई थी.

3

"क्या आप में से कोई अनुमान लगा सकता है कि गुलाम होने का क्या अर्थ होगा?" लाइमन बीचर पल्पिट पर खड़े थे और उन्होंने नीचे मण्डली की ओर देखा.

"कल्पना करें कोई आपका खुद आपकी मातृभूमि से अपहरण करे और आप एक दर्जन अन्य लोगों के साथ ज़ंजीरों से बंधे हों, एक गंदे जहाज में भीड़ के साथ, एक लंबी यात्रा के दौरान तूफान में अधमरे हो गए हों ...

फिर आपको किसी घोड़े, गाय या सुअर की तरह उतारकर बेचा जाए." उनकी आवाज उठी. "क्या आप महसूस कर सकते हैं कि वो कैसा होगा?"

चर्च में हैटी ने अपनी आँखें बंद कर लीं और कल्पना की कि उसका अपहरण किया जा रहा था, उसकी कलाई पर लोहे के हथकड़ियां, उसके टखनों पर लोहे की जंजीरे झनक रही थीं.

"और वहां से कोई बच नहीं सकता था!" उसके पिता के कहा.

"आपको भोर होते ही खेतों में काम करने के लिए भेजा जाता है.

एक ओवरसियर कोड़ा लेकर पहरा देता है.

यदि आप भागने और जंगल में छिपने की कोशिश करते हैं, तो आपका शिकार किया जाता है. आप वहाँ से भाग नहीं सकते!"

हैटी कांप उठी.

वो चाहती थी कि उसके पिता रुक जाएं, लेकिन वो जानती थी कि वो तब तक अपनी बात कहेंगे जब तक कि वो सभी को आश्वस्त नहीं करते कि गुलामी एक पाप है जो अमेरिका की मुक्त की भूमि में मौजूद नहीं होना चाहिए.

पिताजी का उपदेश तब तक चलता रहा जब तक आधी मण्डली रोने नहीं लगी.

हैटी बड़ी मुश्किल से ही सांस ले पा रही थी.

अंत में, प्रार्थना सेवा समाप्त हुई.

हैटी सांस लेने के लिए बाहर धूप में भागी. कैथरीन उसके साथ आई.

"ओह, केट," हैटी ने कहा, "भगवान का शुक्र है कि कनेक्टिकट में गुलामी नहीं है."

कैथरीन ने सिर हिलाया. "यह एक बुराई है जिसे हर जगह समाप्त किया जाना चाहिए. अब मुझे बताओ. क्या तुमने अपना सामान पैक किया है?"

"पैक?" हैटी ने कहा.

"हैरियट!" कैथरीन ने ज़ोर से कहा. "हार्टफोर्ड के लिए घोड़ागाड़ी कल जल्दी रवाना होगी. मुझे आशा है कि तब तुम तैयार होगी."

हैटी को एक झटका जैसा लगा. वो लड़कियों के नए स्कूल में पढ़ने के लिए घर से जा रही थी. वो स्कूल, उसकी बहन कैथरीन ने हार्टफोर्ड में शुरू किया था.

"तुम वहां कुछ पढ़ा भी सकती हो," कैथरीन ने उसे अपनी योजना समझाते समय कहा.

"मैं? एक टीचर?" हैटी ने अपनी बहन को देखा.

"तुम तेरह साल की हो," कैथरीन ने कहा.

"तुम बच्चों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त लैटिन जानती हो. इसके अलावा, ज़रा समझदार बनो. तुम्हें किसी दिन अपना जीवन यापन करने की ज़रुरत होगी. एक महिला पढ़ाने के अलावा भला और क्या कर सकती है? तुम्हें खुद को उसके लिए तैयार करना चाहिए."

हैटी को पता था कि बहस करने का कोई फायदा नहीं होगा.

अब, चर्च के बाहर, उसने कहा, "मैं तैयार रहूँगी, केट."

अगली सुबह, उसके छोटे संदूक को स्टेजकोच पर रखा गया.

वो कैथरीन के पास बैठी थी.

वे लोग अपने रास्ते पर थे.

जब स्कूल शुरू हुआ, तो हैटी भोर में उठकर उस पाठ का अभ्यास करती जिसे उसे बाद में अन्य लड़कियों को पढ़ाना था.

जब वो कक्षा में खड़ी हुई, तो उसे सभी छात्र उससे बड़े लग रहे थे.

उसकी आवाज बहुत धीमी थी.

"कृपया पहले अध्याय के लिए अपनी पुस्तकें खोलें."

किसी तरह, उसने वो घंटा बिताया. फिर वो खुद पढ़ने के लिए अपनी कक्षा में गई. उसे दिन अंतहीन लग रहा था. अगले दिन भी और उससे अगले दिन भी.

हैटी दिन में जो कुछ करती वो था - खुद अभ्यास, फिर पढ़ाना और फिर रात में बिस्तर पर सोना.

अंत में, उसे वो काम आसान लगने लगा.

नाटक लिखने के लिए अब उसके पास अब थोड़ा अतिरिक्त समय बचता था.

एक दिन वो कल्पना और लेखन का आनंद ले रही थी, जब कैथरीन उसके कमरे में आई.

"ठीक है," कैथरीन ने कहा, "अगर तुम्हारे पास इतना खाली समय है, तो तुम दूसरी कक्षा को भी पढ़ा सकती हो."

फिर हैटी ने नाटक लिखना त्याग दिया.

वो खुद को गुलाम नहीं समझती थी.

उसकी कलाइयों पर लोहे की कोई हथकड़ी नहीं बंधी थी.

उसने लड़कियों के बीच दोस्त ढूंढ लिए, और कभी-कभी वे एक-साथ घूमने जाते थे, बात करते थे और हंसते थे.

लेकिन वो जानती थी कि भोर में उठना और पूरे दिन किसी के साथ काम करना कैसा होता था, खासकर अगर उसपर निगाह रखी जा रही हो - वो अपना समय व्यर्थ न करे और न ही भागे.

4

टक्कर, ऊपर-नीचे, गड्ढे!

उनकी वैगन, कीचड़ में तिरछे बिछाए गए लकड़ी के तनों वाली "कॉरडरॉय रोड" पर चल रही थी.

हैटी ने वैगन की सीट को कसकर पकड़ रखा था, कैथरीन और जॉर्ज और चार्ली भी एक-दूसरे से सटकर बैठे थे.

उनके साथ उनके पिता और सौतेली माँ, और छोटी सौतेली बहन, इसाबेला, और सौतेले भाई, थॉमस और जेमी बैठे थे.

लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे कितनी मजबूती से पकड़े थे, जब वे पेंसिल्वेनिया और ओहियो की "कॉरडरॉय" सड़कों पर यात्रा कर रहे थे, तो उन्हें झटके लगने ही थे.

लाइमैन बीचर ने सुदूर पश्चिम-सिनसिनाटी, ओहियो में पादरियों के लिए एक नए कॉलेज का प्रमुख बनने के लिए, न्यू इंग्लैंड छोड़ दिया था.

वहां पर कैथरीन, लड़कियों के लिए एक नया स्कूल शुरू करने जा रही थी.

बड़े लड़कों को छोड़कर, जो अभी भी पूर्व के स्कूल में ही थे, बाकी पूरा परिवार उनके साथ जा रहा था.

टक्कर, ऊपर-नीचे, गड्ढे!

लाइमन बीचर हँसे.

"यह पेट दर्द के का एक अचूक इलाज है," उन्होंने कहा.

"चलो सब मिलकर एक और भजन गाते हैं."

और फिर सभी भजन गाने में शामिल हुए:

जॉर्डन के तूफानी तट पर मैं खड़ा हूं, और कनान की पुण्य भूमि की ओर आंखें मूंदे हूँ . . .

एक किसान अपनी गायों को इकठ्ठा कर रहा था. उसने जब गाड़ियों में अजनबियों को गाते हुए सुना तो वो आश्चर्यचकित रह गया.

जॉर्ज ने उसकी ओर हाथ हिलाया, और वे गाते, मजाक करते, हंसते हुए आगे बढ़ गए.

हैटी के लिए, वो सब एक साहसिक कार्य था.

वो हार्टफोर्ड स्कूल के नीरस काम को पीछे छोड़ आई थी.

वो एक नए जीवन की शुरुआत करने वाली थी.

उसे नहीं पता था कि वो कैसा होगा, लेकिन कम-से-कम वो कुछ अलग होगा.

अंत में, उसने व्यापक ओहियो नदी के किनारे छतों और मीनारों को देखा, और नदी के किनारे स्टीमबोट्स की गड़गड़ाहट सुनी.

वे शहर में घुसे, जहाँ उन्होंने गोदामों में कपास की गांठों और सूअरों से भरे बाड़ों को देखा.

"इतने सारे सूअर!" घूरते हुए हैरियट ने कहा.

"बिल्कुल सही," जॉर्ज ने कहा.

"सिनसिनाटी इतना बेकन और हैम (सूअर का मांस) निर्यात करता है कि उसे "पोर्कोपोलिस" उपनाम दे सकते हैं."

लेकिन गोदामों और व्यावसायिक भवनों से परे, वहाँ की पहाड़ियाँ हरी और मैत्रीपूर्ण दिखती थीं.

कॉलेज पहाड़ियों में था और बीचर को वहाँ एक घर मिला था. लाइमन बीचर ने कॉलेज में अपना काम शुरू किया. कैथरीन ने अपने स्कूल के लिए कमरे किराए पर लिए और हैटी उसके पीछे-पीछे चली. यहाँ पर इतनी सारी ईंट की इमारतें थीं, लकड़ी की नहीं. शहर के बीचोबीच इतना अच्छा बाजार था. लोगों की बहुत भीड़ थी - काले और गोरे भी. हैटी ने यह मान लिया कि वहां विभिन्न कार्यों में व्यस्त काले लोग, स्वतंत्र होंगे. पर वहां बेकार की झूठन खाने के लिए सूअरों को सड़कों पर छोड़ दिया गया था. वो उसे काफी मज़ाकिया लगा.

परन्तु फिर-

100 डॉलर का इनाम!

भगोड़े दास को पकड़ने के लिए!

जब हैटी ने एक इमारत के किनारे पर लगे उस साईन-बोर्ड को देखा, तो वो रुक गई.

पूरे जीवन भर उसके पिता ने गुलामी के पाप के खिलाफ प्रचार किया था. उसके लिए गुलामी बहुत दूर थी. लेकिन यहाँ पर गुलामी, उसके एकदम करीब थी.

हैटी ने उस साईन-बोर्ड से नदी की ओर देखा. उस चौड़ी नदी के उस पार कैंटकी था, जहाँ गुलामी कानूनी थी. नदी के उस पार, काले पुरुषों, महिलाओं और बच्चों का स्वामित्व, गोरे लोगों के पास था.

यदि उनमें से किसी ने भी भागने की कोशिश की, तो उनके मालिक उन्हें पकड़ने के लिए विज्ञापन देंगे, जैसे कि वे कुत्ते या घोड़े हों.

एक अश्वेत महिला किराने के सामान की टोकरी लिए जा रही थी.

हैटी ने अपने कंधे के पीछे मुड़कर उसे देखा.

क्या वो सच में आज़ाद थी? हैटी ने सोचा.

क्या अश्वेत महिला को डर था कि कोई उसका पीछा कर रहा होगा?

एक काला आदमी किसी मुसाफिर की प्रतीक्षा में, एक कोने में अपनी कैब में बैठा था.

क्या वो वास्तव में एक स्वतंत्र व्यक्ति था, या फिर कोई भगोड़ा दास था?

हैटी ने पीछे मुड़कर साईन-बोर्ड पर देखा -

100 डॉलर का इनाम!

अचानक उसे वो शहर एक खतरनाक जंगल जैसा लगने लगा.

उसने कल्पना की कि काले लोग हर आवाज पर छिपते और कांपते होंगे.

"क्या भगोड़े अक्सर पकड़े जाते हैं?" उस शाम हैटी ने अपने पिता से पूछा.

"पकड़ने के बाद उन्हें वापस भेज दिया जाता है."

वो रुकी. "कोई ऐसे इंसान को क्यों पकड़ना चाहेगा जो केवल मुक्त होने की कोशिश कर रहा हो?"

लाइमन बीचर ने एक लम्बी आह भरी.

"यहां सिनसिनाटी के लोग दक्षिण में दास श्रमिकों द्वारा उगाई गई कपास खरीदते-बेचते हैं. वे कपास उत्पादकों के दोस्त रहना चाहते हैं. इसलिए, वे अक्सर दक्षिण की संपत्ति वापस कर देते हैं."

"एक मानव जीवन!" हैटी चिल्लाई. "एक मानव आत्मा - क्या संपत्ति होती है!"

लाइमन बीचर ने बेबसी से सिर हिलाया.

लाइमन बीचर ने यह भी सीखा कि सिनसिनाटी में अगर वो व्यवस्था के खिलाफ बोलेंगे तो लोग उनपर गुस्सा होंगे.

"इसमें समय लगेगा," उन्होंने कहा. "समय लगेगा."

हैटी ने अपने पिता को अंदर से एक खोखले भाव से देखा.

उसने वही किया जो उसे करना था.

वो कैथरीन के स्कूल में पढ़ाती थी.

घर पर वो सिलाई और अन्य कामों में मदद करती थी.

वह एक साहित्यिक क्लब में शामिल हो गई थी और उसने फिर से लिखना शुरू कर दिया.

न्यू इंग्लैंड से बहुत दूर, वो घर की चीजों के बारे में याद कर रही थी और उनके बारे में लिख रही थी, खासकर जो चीजें उसे पसंद थीं.

जब उसकी पहली कहानी एक पत्रिका में प्रकाशित हुई और उसने एक पुरस्कार जीता, तो वो बेहद खुश हुई.

लेकिन हर दिन उसने विज्ञापन देखे:

भगोड़े दास के बारे में किसी भी
जानकारी के लिए 50 डॉलर का इनाम

गुलाम नैंसी को पकड़ने के लिए 100 डॉलर का इनाम

और तट के नीचे, वो केंटकी से स्टीमबोट्स में उन दासों को ले जाते हुए देखती थी, जिन्हें दक्षिण में ले जाकर बेचा जाता था.

उसने निचले डेक पर जंजीरों में जकड़े हुए पुरुषों और महिलाओं को भी देखा.

एक दिन उसने एक अश्वेत युवती को एक बच्चे को पकड़े हुए देखा.

जैसे ही उसने देखा, एक सफेद आदमी उस महिला के पास आया, वो एक पल रुका फिर उसने बच्चे को छीन लिया और वहां से भाग गया.

क्या उस आदमी ने उस माँ को उसके बच्चे से दूर बेच दिया था? क्या उसने बच्चे को किसी और को बेच दिया था? हैटी के पास वो जानने का कोई तरीका नहीं था. लेकिन उसने महिला का चेहरा और उसकी फैली हुई बाहों को ज़रूर देखा.

हैटी उस माँ के चेहरे को नहीं भूल सकी. कभी-कभी उसने उसे अपने सपनों में भी देखा और फिर वो डर के मारे जाग गई.

5

साँझ हो गई थी.

हैरियट और उसके पिता और केल्विन स्टोव नामक एक युवा प्रोफेसर, सिनसिनाटी से कुछ ही दूरी पर नदी के किनारे एक ऊंचे घर के बरामदे पर बैठे थे.

वे लोग रेवरेंड जॉन रैनकिन से मिलने आए थे.

नदी और दूर केंटकी तट पर अंधेरा छाने के कारण उनकी आवाज शांत थी.

"क्षमा करें, मुझे एक पल की मोहलत दें," रेवरेंड रैनकिन ने कहा.

फिर वो घर में गए, और उन्होंने एक दीया जलाया, और उसे संभाल कर खिड़की में रख दिया.

जब पादरी लौटे, तो लाइमन बीचर हँसे.

"हमें शायद प्रकाश की ज़रुरत ही न पड़े, रैंकिन. जल्द ही चाँद आसमान में चमक रहा होगा."

रेवरेंड रैनकिन ने एक पल उनकी ओर देखा.

"मुझे पता है कि आप सभी गुलामी के खिलाफ हैं," उन्होंने कहा.

लाइमन बीचर हैरान दिखे. "बेशक."

हैरियट ने सिर हिलाया और केल्विन स्टोव ने भी वही किया.

"बेशक."

पादरी ने कहा, "मैंने आप लोगों के लिए वो दीया नहीं जलाया है. मेरी खिड़की का वो दीपक कैंटकी नदी के उस पार देखा जा सकता है. वहां से कोई भी दास उस प्रकाश को देख सकता है. वो जानता है कि मैं उन्हें भोजन और आश्रय दूंगा और उसे उत्तर की ओर किसी ऐसे व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद करूंगा, जो उसे आगे भी यात्रा करने में मदद करेगा, जब तक कि वे कनाडा में सुरक्षित नहीं पहुँच जाता."

लाइमन बीचर ने धीरे से सीटी बजाई.

"अंडरग्राउंड रेलवे," हैटी ने गहरी सांस ली.

"लगता है आप उसका हिस्सा हैं."

पादरी रैनकिन ने सिर हिलाया. "बहुत छोटा हिस्सा."

केल्विन स्टोव धीरे से बोले. "क्या कई भगोड़े नदी के उस पार से यहाँ आते हैं?"

"हाँ," रेवरेंड रैनकिन ने कहा, "काफी."

"कृपया," हैरियट ने कहा, "हमें उनमें से कुछ के बारे में बताएं."

पादरी ने हैरियट को आगे झुकते हुए देखा. हैरियट की आवाज में जबरदस्त उत्सुकता थी.

उन्होंने कहा, "मैं एक युवती को हमेशा याद रखूंगा."

"सर्दी का मौसम था. नदी अभी भी जमी हुई थी, लेकिन बर्फ पिघलने लगी थी और बड़ी मात्रा में टूट रही थी. वो एक खतरनाक समय था. फिर भी, कैंटकी में, एक युवा मां अपने मालिक से बचने के लिए बेताब थी. उसने अपने बच्चे को ले जाने के लिए अपनी बाहों में पकड़ा फिर उसने नरम बर्फ पर कदम रखा. फिर वो दौड़ी और बर्फ के एक तैरते हुए टुकड़े से दूसरे पर कूदी. आखिरकार, वो ओहियो तट पर पहुंच गई. जैसे ही वो महिला जमीन पर सुरक्षित पहुंची बर्फ की चादर एक गर्जना के साथ टूट गई, और नदी में विलीन हो गई. अगर वो महिला और उसका बच्चा पांच मिनट देरी से नदी पार करते, तो वे निश्चित डूब जाते."

हैरियट की आंखें बंद हो गईं.

"एक चमत्कार," वो फुसफुसाई.

रेवरेंड रैनकिन ने अन्य भगोड़ों के बारे में भी बताया.

हैरियट हर कहानी को ऐसे सुन रही थी मानो वो खुद अपनी ही जान बचाने के लिए दौड़ रही हो.

लेकिन उस जवान मां की बर्फ पार करने की कहानी ने, उसे सबसे ज्यादा हिला दिया.

बाद में, वो और केल्विन स्टोव पहाड़ी के किनारे पर घूमते हुए गए. उन्होंने उन जोखिमों के बारे में बात की जो रेवरेंड रैंकिन ले रहे थे. पादरी की मंडली में ऐसे लोग थे जिन्हें अगर उनके इस पक्ष के बारे में पता चलता, तो वो लोग पादरी को बर्बाद करने की कोशिश करते.

हैरियट ने केल्विन को, हाल ही में अपनी केंटकी बागान यात्रा के बारे में भी बताया.

"मुझे स्वीकार करना होगा," उसने धीरे से कहा, "मुझे वहां पर नीग्रो - दास - संतुष्ट लगे और उनके साथ अच्छी तरह से व्यवहार हो रहा था."

केल्विन ने कहा, "यह गुलामी का वो पक्ष है जिसके बारे में दक्षिण के लोग बात करना पसंद करते हैं. वे कहते हैं कि वे अपने दासों के लिए माता-पिता की तरह हैं."

हैरियट ने सिर हिलाया. "मैंने वो खुद देखा. सभी गुलाम मालिक, राक्षस नहीं होते होंगे."

"शायद," केल्विन ने कहा, "दासता विरोधी वक्ताओं और लेखकों के लिए इसे स्वीकार करना ही बुद्धिमानी होगी."

"हाँ," हैरियट ने कहा.

"गुलामी की बुराई और भी स्पष्ट हो सकती है. यहां तक कि सबसे दयालु स्वामी को भी यह लग सकता है कि उसे अपनी कुछ संपत्ति बेचनी है."

केल्विन सहमत हुए. "बुराई है. पर लोग संपत्ति नहीं होते हैं."

वे तब तक बातें करते रहे जब तक कि चंद्रमा लगभग ढल नहीं गया. वे एक-दूसरे को जानने लगे, और उन्हें यह देखकर अच्छा लगा कि वे कई चीजों के बारे में एक-जैसा ही महसूस करते थे.

6

"माँ-माँ, माँ-माँ!" जुड़वाँ बच्चों ने अपने चम्मचों से मेज को पीटते हुए गाया. अपनी ऊँची कुर्सी पर बैठा हेनरी हँसा और वो भी अपना चम्मच पीटने लगा.

"ठीक है," हेरिएट दूध के जग के साथ रसोई में जल्दी से घुसी.

"यह तुम सभी के लिए सोने के समय का दूध है." फिर वो सुंदर जुड़वाँ - हैटी और एलिज़ा, और बेबी हेनरी को देखकर मुस्कुराई.

हेरिएट को युवा प्रोफेसर केल्विन स्टोव से, शादी किए हुए पांच साल बीत चुके थे.

जुड़वां बच्चे चार साल के थे और हेनरी दो का था.

हैरियट को अब अलग तरह की चिंताएँ थीं जिनके बारे में वो पहले कभी नहीं जानती थी.

लेकिन वो अपने पति और बच्चों से प्यार करती थी. वो सिर्फ यह चाहती थी कि केल्विन कॉलेज में अध्यापन में कुछ अधिक पैसा कमाएं.

आज रात, फिर से, बच्चों के सोने के बाद, वो जागती रही और लिखती रही.

उसने पाया था कि वो पत्रिकाओं और धार्मिक मैगजीन्स को अपनी लिखी लघु कथाएँ और लेख बेच सकती थी.

उसे ज्यादा पैसे नहीं मिलते थे लेकिन हर डॉलर मदद करता था.

"अपना मग पकड़ो, एलिजा," हैरियट ने कहा, जब उसने दरवाजे पर दस्तक सुनी.

"अभी आई," उसने कहा और फिर वो दरवाजा खोलने चली गई.

एक युवा अश्वेत महिला जो घर के कामों में हेरिएट की मदद करती थी, वो बाहर अंधेरे में खड़ी थी.

"क्यों, ज़िल्ला," हैरियट ने कहा. "अन्दर आओ."

"ओह हाँ, मिसेज़ स्टोव, हाँ," ज़िल्ला फुसफुसाई.

ज़िल्ला जल्दी से अंदर आई और उसने दरवाजा बंद कर दिया.

"क्या हुआ ज़िल्ला?" हैरियट ने पूछा.

"मेरा पुराना मालिक यहाँ शहर में हैं." ज़िल्ला अभी भी फुसफुसा रही थी. उसकी आँखें चौड़ी और डरी हुई थीं. "मुझे लगता है कि उसने मुझे शहर में देख लिया है."

"तुम्हारे पुराने मालिक ने?" हैरियट ने पूछा.

"लेकिन तुम तो स्वतंत्र हो, क्यों है ना? तुमने मुझे बताया था कि तुम स्वतंत्र हो."

"ओह, मिसेज़ स्टोव, मैंने सोचा कि वो कहना सुरक्षित होगा. मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरा मालिक मुझे ढूढ़ने टेनेसी से यहाँ आएगा. लेकिन वो यहाँ है. मुझे यकीन है कि उसने मुझे देख लिया है. अब मुझे कहीं दूर जाना होगा."

हैरियट ने ज़िल्ला का हाथ पकड़ा. "डरो मत," उसने जल्दी से कहा. "हम तुम्हारी सहायता करेंगे." फिर वो बच्चों की ओर मुड़ी.

"देखो बच्चों, माँ कुछ देर के लिए व्यस्त है. कुछ मिनटों के लिए अच्छे बने रहो."

उसने ज़िल्ला की बांह पकड़ ली.

"तुम अभी के लिए मेरे तहखाने में छिप सकती हो. जब मिस्टर स्टोव घर आएंगे, तो हम पता लगाएंगे कि आगे क्या करना है."

जब ज़िल्ला छिप गई, तब हैरियट ने बच्चों को बिस्तर पर लिटा दिया लेकिन उसके विचार दौड़ रहे थे, और वो किसी योजना के बारे में सोच रही थी.

केल्विन घर आया. वो बेशक मदद करना चाहता था.

लेकिन वो एक चिंता करने वाला व्यक्ति था और वो उन चीजों के बारे में सोच रहा था जो योजना में गलत हो सकती थीं.

अंत में हैरियट अपने भाई हेनरी वार्ड के घर गई जो पास ही में था.

"हमें ज़िल्ला को शहर से दूर ले जाना चाहिए," उसने कहा.

हेनरी वार्ड ने कहा, "मैं उत्तरी सड़क पर एक किसान को जानता हूं. वो "भूमिगत-रेलरोड" का हिस्सा है. मैं एक वैगन लाऊंगा और आधे घंटे में तुम्हारे घर पहुंच जाऊंगा."

हैरियट फिर घर गई. उसे एक गहरे रंग की पोशाक और बोनट मिला जिसे वो जल्दी से तहखाने में लेकर गई.

"सब ठीक हो जाएगा," उसने कहा. फिर उसने ज़िल्ला की कपड़े बदलने में मदद की.

अंत में, उसने केल्विन को सीढ़ियों के ऊपर से धीरे से पुकारते हुए सुना.

"हेनरी आ गया है."

हैरियेट ने ज़िल्ला को रात में जल्दी से बाहर निकाला. उसने उसे वैगन के पिछले हिस्से में छिपाने में मदद की. केल्विन, हेनरी के पास वाली सीट पर बैठ गया. हेनरी ने लगाम लहराई और वे चले गए.

उसके बाद हैरियट किचन में बैठ गई.

वो लिख नहीं सकती थी. वो प्रतीक्षा और आशा के शब्द सुनने के अलावा और कुछ नहीं कर सकती थी - वो घर के सामने रुकने वाले घोड़े की चाप का और फिर कदमों की आवाज का इंतज़ार कर रही थी.

बड़ी पुरानी घड़ी, टिक-टॉक-टिक कर रही थी.

घर में से चरमराती आवाज़ें उठीं जो हमेशा रात में उठती थीं. घंटे बीतते गए.

सुबह-सुबह, केल्विन और हेनरी लौट आए.

ज़िल्ला, किसान के पास सुरक्षित थी.

उसने उसे अगली रात तक छिपाने का वादा किया है, फिर वो उसे "अंडरग्राउंड रेलवे" के अगले व्यक्ति के पास भेज देगा.

हैरियट ने राहत की एक सांस ली.

"हाँ," केल्विन ने कहा. "आखिरकार, हम किसी एक की मदद कर पाए."

हैरियट ने अपनी आँखें रगड़ीं और अपना सिर हिलाया. "लेकिन केल्विन," उसने कहा, " ज़िल्ला जैसे अन्य बहुत सारे लोग हैं."

अचानक हैरियट को लगा कि जैसे वो हमेशा से गुलामी के दुखों के करीब रह रही हो. वो बस इतना चाहती थी कि वो खुद भाग जाए, कहीं बहुत दूर चली जाए. वो दुख के नज़ारों और आवाज़ों से, कहीं दूर चली जाए.

7

"क्या यह वाकई सच है?"

हेरिएट को उस पर विश्वास नहीं हो रहा था.

मेन के बॉडॉइन कॉलेज ने, केल्विन स्टोव को वहां आकर प्रोफेसर बनने के लिए आमंत्रित किया था.

पर वहां भी वेतन बहुत कम था.

"लेकिन आप ज़रूर स्वीकार करें?" हेरिएट ने निवेदन किया.

केल्विन ने अपना सिर हिलाया.

हैरियट ने सिनसिनाटी वाले घर के चारों ओर चहलकदमी की और जल्द-से-जल्द शहर छोड़ने की तैयारी शुरू की.

उसके अब पाँच बच्चे थे, एक और लड़का, फ्रेड और एक छोटी लड़की, जॉर्जिया.

लेकिन उन सभी के लिए पैकिंग करना हेरिएट को कोई मुश्किल बात नहीं थी.

वो आखिर एक ऐसे शहर से पलायन कर रही थी जो उसे कभी भी घर जैसा नहीं लगा था.

सबसे अच्छी बात थी कि वो गुलामी से बहुत दूर जा रही थी.

उन्होंने स्टीमबोट से यात्रा की, रेलवे कारों में सफर किया, फिर नहर की नाव में, और फिर वापस रेल कारों में.

वे न्यू जर्सी में कारों पर चढ़ रहे थे जब केल्विन ने एक समाचार पत्र खरीदा और ताजा समाचार पढ़ा.

केल्विन, हेरिएट की ओर आते हुए कुछ परेशान दिख रहा था.

केल्विन ने कहा, "कांग्रेस एक नया कानून पारित कर रही है. अब से किसी भगोड़े दास की मदद करना एक संघीय अपराध होगा."

"क्या?" हांफते हुए हेरिएट ने पूछा.

केल्विन ने आगे कहा, "आगे और भी बहुत कुछ है. काले भगोड़ों का शिकार करने के लिए विशेष एजेंटों को काम पर रखा जाएगा."

फिर हैरियट ने अखबार लिया.

जैसे ही उसने कहानी पढ़ी, उसे ऐसा लगा जैसे वो अपने क़रीब आते भारी क़दमों की आवाज़ सुन रही थी. फिर एक दरवाज़ा टूटा, जंजीरें बजीं और फिर उसके बच्चे को किसी ने उसकी बाँहों से छीन लिया.

"ओह, नहीं, नहीं," वो फुसफुसाई.

लेकिन कोई भी हेरिएट और उसके परिवार का शिकार नहीं कर रहा था.

वे ब्रुकलिन गए जहाँ हैरियट के भाई हेनरी वार्ड एक बड़े चर्च में पादरी थे.

हेनरी केवल उस नए कानून, भगोड़े दास अधिनियम के बारे में बात करना चाहते थे.

"मैं रविवार को, इस काले क़ानून के खिलाफ बोलूंगा," उन्होंने हेरिएट से कहा.

"मैं कह रहा हूँ," वो रुके.

"मैं कह रहा हूं कि वो एक बुरा कानून है जिसकी अवहेलना की जानी चाहिए. पर उससे भी एक उच्च कानून है - भगवान का कानून, जो मांग करता है कि सभी लोग स्वतंत्र हों."

अपने भाई को देखते ही हेरिएट की आँखें चमक उठीं.

"हाँ," हेरिएट ने कहा, "यह कहना एक भयानक बात है कि यह कानून गलत है, लेकिन वो वाकई में डरावना है."

स्टोव परिवार बोस्टन गया जहां हैरियट के भाई एडवर्ड एक पादरी थे. एडवर्ड भी नए कानून की अवज्ञा किए जाने के लिए प्रचार कर रहे थे.

एक दोपहर, जब बच्चे अपनी किताबों में व्यस्त थे, तब हैरियट ने अपने भाई की पत्नी से बात की.

"एडवर्ड और हेनरी दोनों, बहुत कुछ कर रहे हैं," हैरियट ने कहा. "काश मैं भी कुछ कर सकती."

"ज़रूर," उसकी भाभी ने कहा. "तुम लिख सकती हो."

हैरियट ने कहा, "लेकिन मैंने अभी तक जो कुछ लिखा है वो थोड़े पैसे कमाने के लिए कुछ साधारण कहानियां ही लिखी हैं."

एडवर्ड की पत्नी ने जोर दिया.

"अगर मैं तुम्हारी तरह कलम का उपयोग कर पाती, तो मैं लोगों को यह महसूस कराने के लिए कुछ ज़रूर लिखती कि गुलामी कितनी भयानक चीज है."

हैरियट ने अपनी भाभी को घूर कर देखा. अचानक वो उठ खड़ी हुई.

युवा हैटी, एलिज़ा, हेनरी और फ्रेडी ने भी उसकी ओर देखा.

जो कुछ भी उनकी माँ ने तब कहा था उसे वे जीवन भर याद रखेंगे और जिस तरह से उन्होंने कहा था, वो एक प्रतिज्ञा की तरह था.

"मैं कुछ लिखूंगी. मैं ज़रूर लिखूंगी."

8

लेकिन हैरियट के पास करने के लिए और बहुत कुछ था.

फिर उसके परिवार ने मेन शहर की यात्रा की.

उसे एक घर ढूंढना था, और उसे व्यवस्थित करना था.

वहां पर बसने के तुरंत बाद, हैरियट के अंतिम बच्चे का जन्म हुआ.

छोटा चार्ल्स, एक स्वस्थ बच्चा था.

बड़े बच्चे, हैटी और एलिज़ा, हेनरी, फ्रेड और जॉर्जियाना, मेन की हवा में खेलते थे या वाटरफ्रंट पर घूमते थे जहां पर नावों और जहाजों का निर्माण होता था.

केल्विन ने अपना नया काम शुरू किया.

हैरियट की दुनिया में सब कुछ शांतिपूर्ण था.

लेकिन दिन-ब-दिन चिट्ठियां और अखबार नई-नई खबरें लाते रहे.

गुलामी से भागे हुए अश्वेत पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को पकड़कर दक्षिण वापस भेजा जा रहा था.

गुलामों को खोजने के लिए भयानक तलाशी चल रही थी.

"मैं इसके बारे में कुछ लिखूंगी," हैरियट ने कहा.

वो अपने काम करती रही लेकिन वो अपने दिमाग में एक ऐसी कहानी के बारे में सोच रही थी जिससे लोगों को गुलामी की बुराई का एहसास हो.

लेकिन शुरू में उसे कोई कहानी समझ ही नहीं आई.

ब्रुकलिन में, उसका भाई हेनरी वार्ड नए कानून के खिलाफ उपदेश दे रहा था.

बोस्टन में, भाई एडवर्ड भी नए क़ानून के खिलाफ प्रचार और लेखन कर रहा था.

पर हेरिएट क्या कर रही थी?

कुछ भी नहीं.

एक रविवार, जब केल्विन कहीं गया था तब हैरियट चर्च में बैठी थी, उसके एक तरफ जुड़वाँ बच्चे और दूसरी तरफ हेनरी, फ्रेड और जॉर्जियाना थे.

प्रवचन हमेशा की तरह चल रहा था, लेकिन अचानक हेरिएट का उपदेश पर से ध्यान हट गया.

वो अपने मन में एक तस्वीर देख रही थी.

एक अश्वेत व्यक्ति को दो क्रूर व्यक्ति पीटे जा रहे थे, जबकि एक अन्य श्वेत व्यक्ति उनसे बहस कर रहा था.

कौन थे वे लोग?

वे उस काले आदमी को क्यों पीट रहे थे?

हेरिएट निश्चित नहीं थी.

उसे ऐसा लग रहा था कि वो काला आदमी किसी ऐसे व्यक्ति को बचाने की कोशिश कर रहा है जो भगोड़ा था.

बाकी लोग उसे यह बताने की कोशिश कर रहे थे कि भगोड़ा कहां गया था.

लेकिन अंकल टॉम वो बात कभी नहीं बताते.

अंकल टॉम?

वो नाम कहां से आया था? हेरिएट को उसका कोई पता नहीं था.

वो सिर्फ इतना जानती थी कि अंकल टॉम उस अश्वेत व्यक्ति का नाम था जिसे इतनी बेरहमी से पीटा जा रहा था.

उसके चारों ओर गाने की धुन बज रही थी. सब खड़े थे. हेरिएट को एहसास हुआ कि वो अभी भी चर्च में थी जहाँ की प्रार्थना सेवा, एक भजन के साथ समाप्त हो रही थी.

सपने में खोई हेरिएट अपने बच्चों के साथ घर चली गई.

फिर वो मेज़ पर बैठ गई और जो चित्र उसने देखा था उसे उसने लिखना शुरू कर दिया.

उसकी कलम दौड़ पड़ी.

उसने शायद ही बच्चे को रोते हुए सुना हो, या फ़्रेडी और जोर्जियाना को खाना मांगते हुए सुना हो.

उसने लिखना बंद करने के बाद ही बच्चों को बुलाया.

"सुनो," उसने कहा और फिर उसने जो दृश्य लिखा था उसे पढ़ना शुरू किया.

खत्म होने से पहले ही हैटी और एलिजा रो रहे थे.

"ओह, मामा," हेनरी ने कहा, "गुलामी, दुनिया की सबसे क्रूर चीज है."

हैरियट ने सिर हिलाया.

उसने अपने लिखे कागज़ को मोड़ा और उसे एक दराज में रखा और फिर वो रात का खाना लेकर आई.

उसके बाद, वो अपने लेख को लगभग भूल गई. क्योंकि जब केल्विन घर आया तब हेरिएट ने उसे उसके बारे में कुछ नहीं बताया.

एक दिन केल्विन को हेरिएट लिखे हुए नोट्स मिले. उसने उन्हें पढ़ा.

फिर वो हेरिएट के पास गया और उसने उसका हाथ पकड़ा.

हेरिएट ने उसकी आँखों में आँसू देखे.

"बहुत मार्मिक है, हैटी," केल्विन ने कहा.

"तुम जो लिखना चाहती थीं, उसकी तुमने सुन्दर शुरुआत की है. अब उसे आगे बढ़ाओ."

हैरियट ने कहा, "लेकिन ऐसा बहुत कुछ है जो मुझे पता नहीं हैं - कहानी कहां से शुरू होती है, अंकल टॉम वहां कैसे पहुंचे, और लोग उन्हें क्यों पीट रहे थे."

केल्विन ने कहा, "धीरे-धीरे वो तुम्हें सब समझ आ जाएगा. तुम बस आगे लिखती रहो."

जब रात का खाना पक रहा था और केक बेक हो रहा था तब हेरिएट ने रसोई की मेज पर लिखा.

जब बच्चे नहा रहे होते तब उसने पीछे की सीढ़ियों पर लिखती.

उसने किचन में बैठकर एक जर्जर मेज पर लिखा, जबकि केल्विन अपना व्याख्यान के डेस्क पर लिख रहा था.

उसने लिखा और लिखा, क्योंकि अब धीरे-धीरे कहानी उसके ज़हन में आने लगी थी.

उसने कहानी की शुरुआत केंटकी में एक सुखद प्लांटेशन (बड़े फार्म) पर शुरू की जिसे उसने सिनसिनाटी के पास देखा था.

उसने अंकल टॉम को वहां का भरोसेमंद गुलाम बनाया. लेकिन अचानक उसके मालिक को पैसों की जरूरत पड़ी और उसे अपने कुछ दास बेचने पड़े.

उसने अंकल टॉम और एक चतुर छोटे लड़के को, बेचने का फैसला किया, जो एलिजा नाम की एक खूबसूरत युवती का बेटा था.

एलिजा अपने बेटे को खोने का दर्द सहन नहीं कर पाई.

एक अंधेरी रात में वो अपने बेटे के साथ भाग गई.

फिर हेरिएट को वह सच्ची कहानी याद आई जो रेवरेंड रैनकिन ने सिनसिनाटी में उन्हें सुनाई थी.

एलिजा अपने बेटे के साथ आधी बर्फ जमी हुई नदी के पास पहुंची.

हेरिएट ने लिखा - एलिजा ने अपने बच्चे को बचाने के लिए बर्फ पर छलांग लगा दी, जैसा कि उससे पहले अनेकों भगोड़े ने किया था.

फिर एलिजा एक बर्फ की टुकड़े से दूसरे बर्फ के टुकड़े पर कूदती रही. अंत में बड़ी मशक्कत के बाद वो गुलाम शिकारियों से बचकर निकल पाई.

एलिजा के पलायन की कोशिश में, हैरियट की कलम भी दौड़ पड़ी.

लेकिन अंकल टॉम एक अलग प्रकार के व्यक्ति थे.

वो भगोड़े नहीं थे.

जो कुछ भी हुआ, अंकल टॉम ने उसे परमेश्वर की इच्छा के रूप में स्वीकार किया, और बिना किसी शिकायत के उसे सहन करने की कोशिश की. इसलिए अंकल टॉम को बेच दिया गया और नदी द्वारा न्यू ऑरलियन्स भेज दिया गया.

फिर सिनसिनाटी तट के भयानक दृश्य हेरिएट के दिमाग में कौंध गए क्योंकि अंकल टॉम को वहां एक स्टीमबोट से लाया गया था.

हेरिएट ने उस माँ के बारे में भी लिखा जिसका बच्चा उससे छीन लिया गया था.

हेरिएट अपने याद किए दृश्यों से पेज-दर-पेज भरती चली गई.

लेकिन फिर, न्यू ऑरलियन्स में, अंकल टॉम को, एक दयालु व्यक्ति ने खरीद लिया.

हेरिएट दिखाना चाहती थी कि कुछ गुलाम मालिक सभ्य ओर नेक दिल भी थे.

फिर कुछ समय के लिए अंकल टॉम काफी खुश थे. परन्तु फिर . . . तब . . .

हैरियट कहानी के साथ आगे बढ़ नहीं सकी क्योंकि कहानी उसके दिमाग में लगातार खुल रही थी. वो लगातार लिखती रही और वो कुछ भी बदलने के लिए कभी नहीं रुकी.

हर बार, वो कुछ पन्नों का एक बंडल बनाती और उन्हें एक पत्रिका के संपादक के पास भेज देती थी.

वाशिंगटन, डी.सी. में कहानी के कुछ हिस्से हफ्ते-दर-हफ्ते छपते रहे.

जल्द ही संपादक को पत्र मिलने लगे. "इस अद्भुत नई कहानी के लिए धन्यवाद," एक पाठक ने लिखा.

"मैंने अपने जीवन में कभी ऐसा कुछ नहीं पढ़ा," दूसरे पाठक ने लिखा.

"पहली बार, मुझे गुलामी की बुराई महसूस होने लगी है," तीसरे ने लिखा.

फिर एक पुस्तक प्रकाशक ने वो कहानी पढ़ी. उसने हेरिएट को लिखा कि वो उसे एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित करना चाहता था.

अंत में हेरिएट, एक क्रूर पिटाई के बाद, अंकल टॉम की मौत के बारे में लिख रही थी.

उसकी आँखों में आँसू थे, लेकिन वो जानती थी कि उसे वो लिखना ही था.

अंकल टॉम ने कभी किसी साथी के साथ विश्वासघात नहीं किया था, भले ही अंत में उन्हें खुद उसकी कीमत चुकानी पड़ी थी.

अंत में हेरिएट ने लिखा कि अंकल टॉम भी, गुलामी से बचकर स्वर्ग की स्वतंत्रता में विलीन हो गए थे.

वो लंबी, लंबी कहानी अब खत्म हो गई थी. हेरिएट को कहानी के ख़त्म होने पर विश्वास नहीं हो रहा था. वो अंकल टॉम, एलिजा और अन्य सभी के साथ इतने लंबे समय तक रही जो थी.

अब वो एक छोटे से डाकघर में खड़ी थी जहाँ उसने पोस्टमास्टर को, कहानी के पन्नों का आखिरी बंडल सौंप दिया.

अचानक वो खुद को स्वतंत्र महसूस कर रही थी - आश्चर्यजनक रूप से मुक्त.

मानो वो हर उस चीज़ से दूर भाग गई थी जिसने उसे चोट पहुँचाई थी क्योंकि उसने अपनी कहानी में सभी गुलामों का अनुसरण किया था.

घर जाकर उसने बच्चों को पिकनिक के लिए तैयार होने को कहा. "हम मांस के कुछ टुकड़े और कुछ उबले हुए आलू लेकर जाएंगे. हमारा दिन बहुत अच्छा बीतेगा!"

10

"*अंकल टॉम्स केबिन* ? मुझे क्षमा करें, महोदया, सब किताबें बिक चुकी हैं," किताबों की दुकान के आदमी ने कहा.

"लेकिन वो किताब तो अभी-अभी प्रकाशित हुई थी," महिला ने कहा.

पुस्तक विक्रेता ने कहा, "मुझे पता है. मुझे पता है. मुझे उम्मीद है कि और प्रतियां जल्द ही आएंगी. हर कोई हैरियट बीचर स्टोव की उस नई किताब के लिए पूछ रहा है."

दस हजार प्रतियां, तीस हजार प्रतियां, पचास हजार! किताब जितनी तेज़ी से छप रही थी उससे ज़्यादा तेजी से बिक रही थी. हर कोई उस किताब के बारे में बातें कर रहा था.

"अंकल टॉम्स केबिन"

किसी किताब के लिए वो एक जिज्ञासु शीर्षक था.

हेरिएट की कहानी का किसी केबिन (कुटिया) से बहुत बहुत कम लेना-देना था. किताब ज्यादातर उन अलग-अलग तरीकों के बारे में थी जिनका इस्तेमाल करके काले लोग, अपनी आजादी के लिए भाग रहे थे. वे हर तरह के खतरों को झेलते हुए - उन जगहों की ओर पलायन कर रहे जहाँ वे अपने जीवन को कुछ सुरक्षित समझते थे.

अचानक इंग्लैंड में भी लोग उस किताब को बड़ी तादाद में पढ़ रहे थे. फिर फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन, रूस और यूरोप के हर देश में भी. और जल्द ही एशिया में भी लोग उसे पढ़ रहे थे.

उस कहानी ने लोगों को रुलाया. उसने उन्हें हंसाया भी. उसने लोगों को दूसरों की परवाह करना सिखाया. प्रकाशक की ओर से हैरियट का पहला चेक दस हजार डॉलर का था. हेरिएट और केल्विन ने पहले तो चेक को देखा और फिर उन्होंने एक-दूसरे को देखा. अब आगे से उनका जीवन काफी आसान होगा.

फिर एक बुरी खबर आई.

अमेरिका में लगभग हर कोई उस किताब पढ़ रहा था, लेकिन हर कोई उसे पसंद नहीं कर रहा था.

नीचे दक्षिण के गुलाम राज्यों में, पाठकों ने महसूस किया कि वो पुस्तक बेहद खतरनाक थी.

उस किताब ने लोगों को बड़ी दृढ़ता से गुलामी के ज़ुल्मों के बारे में महसूस कराया था.

आलोचकों ने दक्षिण के अखबारों में लिखा कि वो पुस्तक झूठ-फरेब से भरी थी और उसे किसी पागल उत्तरी महिला ने लिखा था जो गुलामी के बारे में कुछ भी नहीं जानती थी.

कई दक्षिणी राज्यों ने, पुस्तक को अपनी सीमा में घुसने पर पाबंदी लगा दी. किताब विक्रेताओं को किताब बेचने पर जेल भी हो सकती थी. हेरिएट को दक्षिणी लोगों से पत्र मिलने लगे. वो उसे कोसते और उसे धमकी देते थे.

हैरियट भयभीत और हतप्रभ थी. "लेकिन मैंने जो कुछ भी सुना या देखा था, उस पर ही मेरी पुस्तक आधारित है."

इस बीच उसकी किताब को, कोई भी रोक नहीं सका.

हजारों लोग, लाखों लोग, जिन्होंने कभी लाइमन बीचर को गुलामी के खिलाफ बोलते हुए नहीं सुना था, जिन्होंने कभी हैरियट के भाइयों को गुलामी के खिलाफ बोलते नहीं सुना था - वे लाखों लोग, अब हैरियट के शब्दों को पढ़ रहे थे.

11

गुलामी को लेकर उत्तर और दक्षिण के बीच झगड़ा, एक तूफान था जो धीरे-धीरे और करीब आ रहा था.

हैरियट ने गुलामी के बारे में एक और किताब लिखी. उन्होंने न्यू इंग्लैंड के बारे में एक उपन्यास भी लिखा. उन्होंने पत्रिकाओं के लिए कहानियाँ और लेख लिखे. वो अब बहुत प्रसिद्ध हो गईं थीं.

लोग उनकी लिखी हर बात को पढ़ना चाहते थे. फिर इलिनोइस के एक लंबे, घरेलू व्यक्ति को संयुक्त राज्य का राष्ट्रपति चुना गया. उनका नाम अब्राहम लिंकन था.

लिंकन गुलामी के खिलाफ थे.

दक्षिण के लोगों ने लिंकन ले पद ग्रहण करने पर संघ छोड़ने की कसम खाई.

फिर जअब लिंकन ने पदभार संभाला तब दक्षिणी राज्यों ने संघ को छोड़ दिया.

अप्रैल 1861 में गृहयुद्ध शुरू हुआ.

डेढ़ साल बाद, अपने सबसे छोटे बेटे चार्ली के साथ, हेरिएट, वाशिंगटन, डीसी में व्हाइट हाउस में, एक बैठक में गईं.

एक लंबा, पतला आदमी आगे आया. उन्होंने अपना हाथ बढ़ाया, और नीचे की ओर देखा.

"तो, आप ही वो छोटी महिला हैं जिन्होंने इस महान बड़े युद्ध की शुरुआत की," अब्राहम लिंकन ने हेरिएट बीचर स्टोव से कहा.

हैरियट ने सिर हिलाया.

बहुत से कारणों से वो भयानक युद्ध शुरू हुआ था.

लेकिन हैरियट जानती थी कि उसकी किताब ने हजारों उत्तरी लोगों को गुलामी अंत करने के लिए ओर उसके खिलाफ लड़ने के लिए बहुत कुछ किया था.

इसलिए, उन्होंने महसूस किया कि उन्हें संयुक्त राज्य के राष्ट्रपति से मिलने और उनसे पूछने का एक निश्चित अधिकार था - कि उन्होंने दासों को मुक्त क्यों नहीं किया, जबकि सेनाएं लगभग दो वर्षों से लड़ रही थीं.

लिंकन ने कहा कि वो उनकी चिंता को समझते थे. लेकिन "संघ को पहले आना चाहिए," उन्होंने कहा. "और अब क्योंकि हमारे संघ के सैनिक कुछ लड़ाई जीत रहे हैं, इसलिए मैं वादा करता हूं कि आप जल्द ही ऐसी खबर सुनेंगी जो आपको खुश कर देगी."

हैरियट ने खुद को संतुष्ट महसूस किया.

"लिंकन एक महान व्यक्ति हैं," उसने बाद में चार्ली से कहा. "वो अपना वादा जरूर निभाएंगे."

और लिंकन ने वही किया.

1 जनवरी, 1863 को, अब्राहम लिंकन ने मुक्ति उद्घोषणा जारी करते हुए घोषणा की कि संघ के साथ युद्ध में, राज्यों के सभी दास अब स्वतंत्र थे. जब खबर की घोषणा की गई, तब हैरियट फिलाडेल्फिया के एक बड़े थिएटर में थीं.

सभी ने जय-जयकार की और चिल्लाया और गाया. तभी किसी ने हैरियट को बालकनी में देखा. "मिसेज़ स्टोव!" कोई चिल्लाया.

"वो वहाँ है! वहाँ ऊपर!" फिर कोई और चिल्लाया, "मिसेज़ स्टोव! मिसेज़ स्टोव!"

हर कोई रूमाल लहराने या फड़फड़ाने लगा या मुस्कुराने और हवाई पुच्चियाँ देने लगे. उन्हें पता था कि हैरियट ने लोगों को गुलामी के बारे में गलत महसूस कराने के लिए कितना कुछ किया था. और वे हैरियट को धन्यवाद दे रहे थे.

12

हैरियट ने और भी कई किताबें लिखीं. सभी किताबें लोकप्रिय थीं. उन्होंने अपने कमाए पैसों से, कई ऐसे पुरुषों और महिलाओं की मदद जो कभी गुलाम थे, और जो अपने और अपने परिवार के अच्छे जीवन के लिए संघर्ष कर रहे थे.

लेकिन हैरियट ने फिर कभी "अंकल टॉम्स केबिन" जैसी किताब नहीं लिखी.

उनके सत्तरवें जन्मदिन पर, उनके सम्मान में एक बड़ी उद्यान पार्टी में, कवि ओलिवर वेंडेल होम्स ने उनके लिए लिखी एक कविता पढ़ी.

ओलिवर वेंडेल होम्स ने हेरिएट की सबसे प्रसिद्ध पुस्तक की तुलना उस लीवर से की जिसे एक छोटी महिला ने दुनिया बदलने के लिए उठाया था.

(क्या हैरियट को बहुत पहले खाने की मेज की बहसें याद थीं, जब उन्होंने *लीवर* को मनुष्य का सबसे उपयोगी आविष्कार बताया था?)

किसी गुप्त कारण से, हैरियट जानती थीं कि फंसा हुआ महसूस करना कैसा होता था जब आप अपने जीवन को अपनी तरह नहीं जी सकते थे. वो गुलामों के भागने की जरूरत को समझती थीं. और इसलिए, वो एक ऐसी किताब लिखने में सक्षम हुईं जिसने लोगों को यह महसूस कराया कि गुलाम होना कैसा होता था, और उनमें केवल एक चीज की चाहत थी - आजादी.

उनका लीवर कला की छड़ी थी,

उनका आधार (टेक) मानव हृदय था,

जहां बाकी सब फेल हुए.

वहां उन्होंने पृथ्वी को हिला दिया!. . .

ओलिवर वेंडेल होम्स

लेखक का नोट

हेरिएट बीचर स्टोव का जन्म 14 जून 1811 को लिचफील्ड कनेक्टिकट में हुआ था. वो लाइमन और रोक्सन्ना बीचर की आठ संतानों में से छठी थीं. जब वो पाँच वर्ष की थीं तब उनकी माँ की मृत्यु हो गई. और एक साल बाद उनके पिता ने दूसरी शादी कर ली. बाद में बीचर परिवार में तीन और बच्चे हुए.

उन्नीसवीं शताब्दी की शुरुआत में, जब हैरियट बढ़ रही थीं तब महिलाओं के पास जीवन में शादी करने, घर चलाने और परिवार पालने के अलावा बहुत कम ही विकल्प थे. अगर किसी महिला की शादी नहीं होती (जैसा कि हैरियट की बहन कैथरीन ने नहीं की थी), तो वो स्कूल में पढ़ा सकती थी, लेकिन आमतौर पर वो केवल लड़कियों को ही पढ़ाती थीं. महिलाओं को छह-सात साल की अधिक उम्र के लड़कों को पढ़ाने के लिए सक्षम नहीं माना जाता था. (उसके बाद के वर्षों में कैथरीन बीचर ने इस बारे में लोगों के मन को बदलने की कोशिश में बहुत समय और ऊर्जा खर्च की.) कोई महिला कपड़े सिल सकती थी या कपड़ा मिलों में कोई छोटा-मोटा काम कर सकती थी, जो उस समय पूरे देश में फैल रही थीं. लेकिन बस उतना ही. कोई महिला चर्च की पादरी, डॉक्टर, वकील, बैंकर या वैज्ञानिक बनने की उम्मीद नहीं कर सकती थी.

जब हेरिएट युवा थीं तब महिलाओं के लिए कोई कॉलेज नहीं था. लड़कियों के लिए ऐसा कोई स्कूल नहीं था जहाँ पुरुषों की तरह पाठ्यक्रम पढ़ाया जाता हो. लोग महिलाओं के दिमाग को पुरुषों से कमज़ोर मानते थे. और निश्चित रूप से महिलाएं वोट नहीं दे सकती थीं.

चूंकि महिलाओं को इतने सारे प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा, इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि महिलाएं विशेष रूप से काले दासों की दुर्दशा के प्रति सहानुभूति रखती थीं. महिलाओं ने उत्तर में पहले गुलामी-विरोधी समाजों को संगठित करने में मदद की. बाद में उन्होंने वोट का अधिकार पाने और अपने लिए अन्य अधिकार जीतने के लिए लड़ाई लड़ी. गुलामी विरोधी आंदोलनों में काम करते हुए, कुछ साहसी महिलाओं ने गुलामी की बुराइयों पर व्याख्यान दिए और महिलाओं के सार्वजनिक रूप से बोलने के खिलाफ वर्जना को भी तोड़ा.

भगोड़ा दास अधिनियम 1850 में पारित किया गया था. कांग्रेस ने इसे दक्षिणी दास मालिकों के लिए एक इनाम के रूप में देखा, और उन्होंने कैलिफोर्निया को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में संघ में प्रवेश करने दिया, जहां दासता की अनुमति नहीं थी. यह गुलामी समर्थक और गुलामी विरोधी लोगों के बीच, एक "समझौता" था, जिसे संघ को एक साथ रखने के लिए डिज़ाइन किया गया था. पर उसने लंबे समय तक काम नहीं किया.

1896 में कनेक्टिकट के हार्टफोर्ड में, हैरियट की मृत्यु हो गई, एक ऐसे जीवन के बाद जो लगभग पूरी सदी तक फैला रहा.